प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/656। दिनांकः 03 मार्च, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों (स्नातक एवं परास्नातक) में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की परीक्षा हेतु संस्थान स्तर पर किये गये डिटेन्ड रेगुलर छात्र/छात्राओं की सूची उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर के प्रथम वर्ष के समस्त पाठ्यक्रमों/विधाओं के तथा बी0टेक0 एवं बी0फार्म, पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की परीक्षायें ऑफ–लाइन मोड में दिनांक **18 मार्च, 2023 से** आयोजित कराया जाना निर्धारित है। इसी क्रम में आपके संस्थान में उक्त पाठ्यक्रमों के रेगुलर अध्ययनरत ऐसे छात्र/छात्रायें जो **संस्थान स्तर पर विश्वविद्यालय के आर्डिनेन्स में निहित व्यवस्था के अन्तर्गत डिटेन्ड किया गया है** को विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0 लॉगिन पर **दिनांक 11 मार्च, 2023 को सायः 5.00 बजे तक** प्रत्येक दशा में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि उक्त तिथि तक आपके द्वारा डिटेन्ड छात्रों की सूची उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा यह मान लिया जायेगा कि आपके संस्थान में कोई भी छात्र डिटेन्ड नहीं है तथा यदि संस्था द्वारा किसी भी छात्र को डिटेन किया जाता है एवं छात्र की परीक्षा प्रभावित होती है तो इसके लिए **संस्थान स्वयः उत्तरदायी होगा।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए यथा समय आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

03.3.2023

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

COELETTER-875